# कार्यालय संभागीय सेनानी, नगर सेना, रायपुर संभाग, रायपुर (छ0ग0)

दुरभाष क्रमांकः– 0771–2426825, ईमेलः– divicommandant@gmail.com

**/ /ज्ञापन/ /**

क्रमांक / 1069 /स्था. / 2023 रायपुर, दिनांक 16/05/2023

प्रति,

संचालक,
सूचना एवं जन संपर्क संचालनालय,
रायपुर (छ0ग0)

विषय :– नगरसेना विभाग के स्वयंसेवकों से चतुर्थ श्रेणी भृत्य / कुक (रसोईया) पद पर भर्ती हेतु विज्ञापन निःशुल्क प्रकाशन किए जाने विषयक।

सन्दर्भः– नगर सेना एवं अग्निशमन, आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय, छत्तीसगढ़ रायपुर के आदेश क्रमांक–च0श्रे0 / भर्ती / 1008 / स्था–3 / 2022, रायपुर दिनांक 23.9.2022।

––00––

विषयान्र्तत संदर्भित ज्ञापन के अनुक्रम में निवेदन है कि नगर सेना विभाग के स्वयंसेवकों से चतुर्थ श्रेणी भृत्य / कुक (रसोईया) के पद पर भर्ती प्रक्रिया प्रारम्भ किया जाना है। भर्ती प्रक्रिया संबंधित प्रारूप एतद् द्वारा संलग्न कर दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क भर्ती हेतु विज्ञापन प्रसारित करने की अनुकम्पा हो।

संलग्न – भर्ती विज्ञापन सूचना कुल 06 पेज।

(हस्ताक्षर) 16/5/023

O/C

**संभागीय सेनानी**
**नगर सेना एवं एस.डी.आर.एफ.**
**रायपुर संभाग, रायपुर**

क्रमांक / 1070 /स्था. / 2023 रायपुर, दिनांक 16/05/2023

प्रतिलिपी :–

01 महानिदेशक, नगर सेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ अटल नगर नवा रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

02 आयुक्त रायपुर संभाग, रायपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।

03 पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस रेंज रायपुर की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।

04 कमाण्डेट केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान की ओर सादर सूचनार्थ।

05 संभागीय सेनानी नगर सेना बिलासपुर / अम्बिकापुर / जगदलपुर की ओर सादर सूचनार्थ।

06 जिलाध्यक्ष, जिला रायपुर / महासमुंद / धमतरी / गरियाबंद / बलौदाबाजार–भाटापारा / दुर्ग / राजनांदगांव / कबीरधाम / बेमेतरा / बालोद की ओर सादर सूचनार्थ।

07 केन्द्र निदेशक, आकाशवाणी, रायपुर की ओर रेडियों में प्रसारण हेतु।

08 जिला जनसंपर्क अधिकारी, रायपुर / महासमुंद / धमतरी / गरियाबंद / बलौदाबाजार– भाटापारा / दुर्ग / राजनांदगांव / कबीरधाम / बेमेतरा / बालोद की ओर अधीनस्थ समाचार पत्रों में निःशुल्क विज्ञापन प्रसारित करने का कष्ट करें।

09 जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना रायपुर / महासमुंद / धमतरी / गरियाबंद / बलौदाबाजार–भाटापारा / दुर्ग / राजनांदगांव / कबीरधाम / बेमेतरा / बालोद / बिलासपुर / रायगढ़ / जांजगीर –चांपा / कोरबा / मुंगेली / सरगुजा / जशपुर / कोरिया / बलरामपुर / सूरजपूर / बस्तर / कांकेर / कोंडागॉव / नारायणपुर / दंतेवाड़ा / सुकमा / बीजापुर / गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही की ओर सूचनार्थ प्रेषित। विज्ञापन की प्रति नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

(हस्ताक्षर) 16/5/023

O/C

**संभागीय सेनानी**
**नगर सेना एवं एस.डी.आर.एफ.**
**रायपुर संभाग, रायपुर**

# कार्यालय संभागीय सेनानी, नगर सेना, रायपुर संभाग, रायपुर (छ0ग0)

दुरभाष क्रमांकः– 0771–2426825, ईमेलः– divicommandant@gmail.com

## //विज्ञापन//

क्रमांक / 1071 / स्था. / 2023 रायपुर, दिनांक 16/05/2023

छ0ग0 शासन, गृह विभाग के पत्र क्रमांक/2451/183/दो–गृह/दिनांक 22.08.2022 की सहमति/अनुमति एवं नगर सेना एवं अग्निशमन, आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय, छ0ग0 रायपुर के आदेश क्रमांक च0श्रे0/भर्ती/1008/स्था–3/2022 रायपुर दिनांक 23.09.2022 के तहत प्राप्त निर्देशानुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए चतुर्थ श्रेणी के पदों में उद्भूत रिक्तियों पर भर्ती हेतु नगर सेना विभाग में स्वयंसेवक के पद पर पदस्थ रहते हुए 6 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण कर चुके हैं उनसे निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्र दिनांक 02.06.2023 को सायं 05:30 बजे तक पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर जिला दुर्ग के पद हेतु कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना दुर्ग, जिला धमतरी के पद हेतु कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना धमतरी एवं सी.टी.आई. माना रायपुर के पद हेतु कार्यालय कमाण्डेट केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान माना रायपुर में मय आवश्यक प्रमाण पत्रों (छायाप्रति स्वयं से सत्यापित) स्वीकार किए जाएंगे। अंतिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त माने जायेंगें।

रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है :–

| क्रं. | जिला जहां पद रिक्त है (भर्ती का स्थान) | पदों की संख्या एवं पद का नाम | पदों का विवरण | वेतन लेवल | ST | SC | OBC | UR | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 | 09 | 10 |
| 01 | जिला दुर्ग हेतु | 01 पद कुक | मुक्त | 03 | – | – | – | 01 | 01 |
| 02 | ––तथैव–– | 01 पद भृत्य | मुक्त | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 03 | जिला धमतरी हेतु | 01 पद भृत्य | मुक्त | 01 | – | – | – | 01 | 01 |
| 04 | सी.टी.आई.माना रायपुर हेतु | 01 पद कुक | मुक्त | 03 | – | – | – | 01 | 01 |

(01) शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं :– आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उपरोक्त पद पर केवल स्वयंसेवी नगर सैनिक जिनकी 06 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण हो चुकी है एवं जो वर्तमान में रोल पर है ऐसे ही अभ्यर्थीयों के आवेदन पत्र स्वीकार्य होंगे।

(02) शारीरिक अर्हता :– अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित शारीरिक अर्हता होनी चाहिए–

(क) ऊंचाई– 162 से.मी. या उससे अधिक (सामान्य संवर्ग, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग संवर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए); 153 से.मी. या उससे अधिक (राजस्व जिले दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, नारायणपुर, बीजापुर, बस्तर, उत्तर बस्तर कांकेर, कोरिया, सरगुजा एवं जशपुर के अनुसूचित जनजाति संवर्ग के महिला एवं पुरूष अभ्यर्थियों के लिए); 158 से.मी. या उससे अधिक (शेष राजस्व जिलों के अनुसूचित जनजाति संवर्ग के पुरूष अभ्यर्थियों के लिए तथा सभी संवर्ग के महिला अभ्यर्थियों के लिए।)

(ख) सीना – बिना फुलाये 81 से.मी. (अनुसूचित जनजाति हेतु 76 से.मी.), फुलाने पर 86 से. मी. (अनुसूचित जनजाति के अभ्यार्थियों के लिए 81 से.मी.), सभी संवर्ग के अभ्यर्थियों को 5 से.मी. सीना फुलाना अनिवार्य है। महिला अभ्यार्थियों को इस शारीरिक अर्हता से छूट दी जायेगी।

(ग) अभ्यर्थियों को दृष्टि संबंधी कोई रोग नहीं होना चाहिए। दृष्टि बिना चश्मा के एक आंख की 6/9 तथा दूसरी आंख की 6/12 से कम नहीं होना चाहिए।

(घ) अभ्यर्थी शारीरिक रूप से कमजोर नहीं होना चाहिए।

(03) भर्ती तरीका –

1 भृत्य हेतु लिखित परीक्षा – 100 अंक।

2 मोटर सायकल चालन का अनुभव तथा ड्राइविंग लाईसेन्स होना चाहिए। चयन पूर्व चालक की चालन दक्षता का टेस्ट समिति द्वारा लिया जावेगा।

3 कुक हेतु ट्रेड टेस्ट – 100 अंक।

4 छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्रमांक एफ 9–6/2015/3–एक दिनांक 05/12/2015 द्वारा चतुर्थ श्रेणी एवं तृतीय श्रेणी (गैर कार्यपालिक) अराजपत्रित पदों पर सीधी भर्त्ती से नियुक्ति की प्रक्रिया में साक्षात्कार समाप्त किया गया है।

टीप– कुल 100 अंको के आधार पर वरीयता सूची (मेरिट लिस्ट) तैयार की जावेगी तथा वरीयता क्रमानुसार नियुक्ति दी जावेगी।

(04) नियम एवं शर्ते :– उपरोक्त पद पर केवल स्वयंसेवी नगर सैनिक की ही भर्ती होगी। जिनकी सेवा अवधि 06 वर्ष पूर्ण हो चुकी है एवं वर्तमान में रोल पर है।

(05) आयु सीमा में छूट :–

1 आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 24 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। शासन द्वारा समय–समय पर आयु सीमा में दी गई छूट का प्रावधान होगा।

2 विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा महिला उम्मीद्वारों को अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

(06) अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन 02.06.2023 की स्थिति में जीवित रहना अनिवार्य है। आवेदक रोजगार कार्यालय के जीवित पंजीयन क्रमांक का उल्लेख अवश्य करें।

(07) कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो तो उपरोक्त पद पर नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।

(08) कोई भी पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हों और कोई भी महिला अभ्यार्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो जिसकी पहले ही एक पत्नि जीवित हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति का पात्र नहीं होगा/नहीं होगी।
परंतु यदि शासन का इस बात से समाधान हो जाए कि ऐसा करने के विशेष कारण है, तो वह ऐसे अभ्यर्थी को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगा।

(09) कोई भी अभ्यर्थी जिसकी दो से अधिक जीवित संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात् हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, किन्तु जिसकी पहले से एक सें अधिक जीवित संतान तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 या उससे पश्चात हो जिससे दो या दो से अधिक जुड़वा संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए निरर्हित नहीं होगा। साथ ही छ0ग0 सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्ते) नियम 1961 में नियुक्ति के लिए अनर्हताएं भी लागू होगी।

(10) वांछित प्रमाण पत्रों एवं अंकसूचियों की स्वयं सत्यापित छायाप्रति सहित उम्मीदवार को आवेदन दिनांक 01.06.2023 को साय 05:30 बजे तक अथवा उसे पूर्व स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा जिला दुर्ग के पद हेतु कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना दुर्ग, जिला धमतरी के पद हेतु कार्यालय जिला सेनानी नगर सेना धमतरी एवं सी.टी. आई. माना रायपुर के पद हेतु कार्यालय कमाण्डेट केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान माना रायपुर में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(11) इस विज्ञापन के जारी होने के पूर्व प्रस्तुत आवेदन पत्र मान्य नहीं किये जावेंगे।

(12) प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थी को 05 रूपये का डाक टिकट लगा एक खाली लिफाफा (10X4) अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

(13) यदि अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी हो एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछला वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) की श्रेणी में आता है तथा जो इस विज्ञापन के तहत दर्शित छूट (आयु/आरक्षण) का लाभ प्राप्त करने हेतु आवेदन कर रहा हो, तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण-पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(14) उम्मीद्वार को अपनी आयु सत्यापन हेतु हाई स्कूल प्रमाण पत्र/अंकसूची की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन के साथ लगाना अनिवार्य है।

(15) अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों के संबंध में उम्मीद्वारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी एवं ऐसे आवेदन पत्र अमान्य कर दिये जावेंगे।

(16) अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं से सत्यापित नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के फोटो चिपकाएं। आवेदन पत्र में निर्देष्ट स्थान पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर अनिवार्य है। साथ ही एक अतिरिक्त अभिप्रमाणित फोटो भी संलग्न करें।

(17) उम्मीद्वार के द्वारा लिफाफों में आवेदित पद का नाम स्पष्ट अक्षरों में लिखना होगा।

(18) पात्र उम्मीद्वार को कौशल परीक्षण के आधार पर चयन किया जावेगा।

(19) उपरोक्तानुसार विज्ञापित पद की संख्या परिवर्तनीय होगी, जिसे बढ़ाया/कम किया जा सकता है और निरस्त किया जा सकता है।

(20) शासन से भर्ती नियम में किसी प्रकार का परिवर्तन किया जाता है या निर्देश जारी किया जाता है तो विज्ञप्ति में भी लागू होगा।

(21) भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी भी विवाद एवं समस्या पर निर्णय लेने का अंतिम अधिकारी नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी को होगा।

(22) अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

(23) चयन उपरान्त यदि कोई जानकारी असत्य पाई जाती है तो की गई नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी, साथ ही संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

(24) प्रतीक्षा सूची जारी दिनांक से एक वर्ष के लिए वैद्य होगी।

(25) नियुक्ति हेतु चयन विधी –

1 सेवा में भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा ऐसे अंतरालों से ली जावेगी जैसे की नियुक्ति प्राधिकारी सरकार के परामर्श से अवधारित करें।

2 अभ्यर्थी आवेदन करने के पहले विज्ञापन में दर्शित आवश्यक शैक्षणिक अर्हताओं, अनुभव एवं आयु के अनुरूप अपनी अर्हता की जांच कर स्वयं सुनिश्चित कर लें एवं अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने की स्थिति से पूर्णतया संतुष्ट होने पर ही वे आवेदन-पत्र भरें। परीक्षा में सम्मिलित करने अथवा कौशल परीक्षा के लिए आमंत्रित करने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि अभ्यर्थी को अर्ह मान लिया गया है तथा चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी के अनर्ह पाये जाने पर उसका आवेदन-पत्र बिना कोई सूचना दिये निरस्त कर उसकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

3 नवनियुक्त कर्मचारी को पेंशन की नियमानुसार पात्रता होगी।

4 उक्त परिवीक्षा अवधि के दौरान उन्हें पुनरीक्षित वेतन लेबल 01 के न्यूनतम वेतन का प्रथम वर्ष 70%, द्वितीय वर्ष 80% एवं तृतीय वर्ष 90% स्टायपेण्ड एवं शासन द्वारा देय अन्य भत्ते नियमानुसार देय होंगे। परिवीक्षा अवधि के दौरान विभाग द्वारा विहित परीक्षण प्राप्त करना होगा। परिवीक्षावधि अवधि पूर्ण उपरांत न्यूनतम मूल वेतन तथा नियमितीकरण उपरान्त नियमानुसार वेतन वृद्धि की पात्रता होगी।

5 चयनित पद पर उपस्थिति पूर्व मेडिकल बोर्ड से स्वास्थ्य परीक्षण कराना होगा तथा मेडिकली फिट होने पर ही उपस्थिति मान्य होगी। अनफिट पाये जाने पर यह आदेश स्वमेव निरस्त माना जायेगा।

प्रायोगिक परीक्षा (दक्षता/कौशल परीक्षा) –

1 प्रायोगिक परीक्षा (दक्षता/ कौशल परीक्षा) में उत्तीर्ण पाए जाने वाले उम्मीद्वार को ही चयन सूची में सम्मिलित किया जायेगा।

2 प्रायोगिक परीक्षा (दक्षता/ कौशल परीक्षा) के लिए बुलाये गए अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच कार्य संबंधित कार्यालय द्वारा कराया जायेगा। प्रमाण पत्र त्रुटिपूर्ण पाये जाने से उम्मीदवारों को परीक्षा परिणाम/चयन निरस्त किया जावेगा।
टीपः– यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रायोगिक (दक्षता/कौशल) परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले उम्मीद्वारों को चयन के लिए अनर्ह माना जावेगा।

16/5/023

**संभागीय सेनानी**
**नगर सेना एवं एस.डी.आर.एफ.**
**रायपुर संभाग, रायपुर**

//आवेदन पत्र का नमूना//

आवेदक का नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो जो स्वयं सत्यापित हो, चस्पा करें।

प्रति,

..............................................................

..............................................................

..............................................................

आवेदित पद का नाम – ..............................................................

01 आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) ..............................................................
अंग्रेजी (ब्लाक लेटर में )..............................................................

02 लिंग (पुरूष/महिला) ..............................................................

03 पिता/पति का नाम..............................................................

04 वर्तमान डाक का पता जिस पर पत्र व्यवहार किया जावेगा..............................................................
..............................................................

05 स्थाई पता –..............................................................
..............................................................

06 जन्मतिथि (शैक्षणिक योग्यता ..............................................................
प्रमाण पत्र में दर्ज अनुसार) वर्ष.......................... माह..............................दिन

07 दिनांक 01.01.2023 को आयु वर्ष...........................माह..............................दिन

08 जन्म स्थान – ग्राम/नगर..............................................................
तह0.....................................जिला.................................राज्य.......................
पिनकोड..................................फोन/मो0नंबर..............................................

09 रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक.....................................दिनांक..........................................

10 मोटर सायकल चालन हेतु ड्रायविंग लाईसेन्स..............................................................

11 स्वयंसेवक पद की सेवा अवधिः वर्ष..........................माह.................दिन............................

12 क्या आप विवाहित हैं/यदि विवाहित हैं तो विवाह की तिथि एवं विवाह के समय आयु ........................

13 जीवित संतान की संख्या/बच्चों का नाम/लिंग जन्मतिथि सहित ..............................................................
..............................................................
..............................................................

14 क्या अभ्यर्थी के विरूद्ध दाण्डिक प्रकरण किसी पुलिस थानों/न्यायालयों में लंबित है अथवा किसी न्यायालय में निराकृत हो चुका है यदि हॉ तो संबंधित अधिनियम एवं धारा सहित प्रकरण क्रमांक एवं निर्णय आदि की जानकारी स्पष्ट रूप से उल्लेख करें।..............................................................
..............................................................
..............................................................

15 जाति का विवरण जो लागू हो कृपया ( √ ) का निशान लगाएं :–

| अनु0ज0जा0 | अनु0जाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | सामान्य वर्ग |
|---|---|---|---|
| | | | |

(सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र संलग्न करें)

16 शैक्षणिक योग्यता :–

| क्रमांक | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | बोर्ड / विद्यालय का नाम | विषय | प्राप्त अंको का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

(स्व–सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

17 आवेदक का स्थानीय निवास जिला ..................................................

(प्रमाण पत्र स्व–सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें)

संलग्न – स्वयं सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची विवरण सहित :–

01.........................................................................................

02.........................................................................................

03.........................................................................................

04.........................................................................................

05.........................................................................................

06.........................................................................................

07.........................................................................................

// घोषणा पत्र //

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापन में दर्शित पात्रता–शर्तो को ध्यान से पढ़ लिया हूँ। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास है इस आवेदन पत्र में दी गई प्रविष्टियां सत्य, पूरी और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य या गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन निरस्त किया जावेगा। परीक्षा उत्तीर्ण एवं चयन के उपरान्त भी मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार मुझे नहीं होगा।

मूल दस्तावेज प्रमाण पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किए जाएंगे।

स्थान..........................................................

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ..........................................................